# विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



जालोर. सांकरणा में स्वेटर वितरित करते अतिथि। पत्रिका


**जालोर.** निकटवर्ती सांकरणा के आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दानदाता डॉ. वीरेन्द्रसिंह राजपुरोहित व मालाणी परिवार की ओर से गांव के चारों विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए।

स्वेटर वितरण कार्यक्रम में अतिथि के नाते मौजूद सांसद देवजी पटेल, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सरपंच महिपालसिंह राजपुरोहित, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ललितशंकर आमेटा, एडीपीसी मोहनलाल, एपीसी मोहनलाल राठौड़, भामाशाह प्रेरक गोपालसिंह राजपुरोहित, चंद्रशेखरसिंह राजपुरोहित व मनीषसिंह राजपुरोहित, पदमसिंह, विशेष आमंत्रित अतिथि आदर्श राउमावि जालोर के प्रधानाचार्य अमरसिंह राजपुरोहित व सामुजा के प्रधानाचार्य धनराज दवे समेत अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम में दानदाता परिवार के महावीरसिंह, बिहारीसालसिंह, जालमसिंह मालाणी परिवार समेत गोपालसिंह जोधा, फिरोजखां, कल्याणसिंह, जगदीश परमार, रमेशकुमार, पूनमाराम, अंजू कविया, एकता, कुसुम चौधरी व हड़मताराम,

# भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




जालोर. कलक्ट्री के बाहर भाजपा के धरने को सम्बोधित करते देवजी पटेल। पत्रिका



रानीवाड़ा. उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा विधायक एवं कार्यकर्ता। पत्रिका

जालोर. भाजपा की ओर से किसानों की समग्र कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता व दस प्रतिशत सवर्ण आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी महेन्द्रसिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया है। सांसद देवजी पटेल ने कहा कि जालोर में जल्द ही रेल सुविधाओं मे विस्तार होगा।विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि किसानों के हित के लिए भाजपा प्रदेश में विपक्ष में मजबूती के साथ किसानों का पक्ष रखेगी।भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन हित के मुद्दों को लेकर भाजपा हमेशा जनता के साथ खड़ा रहेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष भभूतराम सोलंकी ने ज्ञापन का पठन किया।धरने का संचालन नगर महामंत्री अम्बालाल व्यास ने किया। नगर अध्यक्ष ओबाराम देवासी ने आभार जताया।धरने के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने समग्र कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता व दस प्रतिशत सवर्ण आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।इस मौके नगर परिषद उप सभापति मंजू सोलंकी, बजरंगसिंह राठौड़, मंगलसिंह सिराणा, जिला उपाध्यक्ष मिश्रीमल राजपुरोहित, दीपसिंह धनानी, मोतीसिंह राजपुरोहित, मेघराज चौधरी, मोहन चिवड़ा, केशव व्यास, ओमप्रकाश मेघवाल समेत कई जने मौजूद रहे।

**भीनमाल**. शहर के उपखण्ड कार्यालय के बाहर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों की कर्ज माफी को लेकर ढुलमुल रवैया को लेकर विरोध व धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए विधायक पूराराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों की कर्जमाफी की घोषणा तो कर दी, लेकिन एक माह बाद भी किसानों की कर्जमाफी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक कर्जमाफी की कोई समयसीमा तय नहीं की है। पालिकाध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल घोषणा कर जनता को गुमराह कर रही है। धरने को प्रधान धुखाराम राजपुरोहित, जिला महामंत्री जसराज पुरोहित, भाजपा नगर अध्यक्ष भरतसिंह भोजाणी व पूर्व पालिकाध्यक्ष सरोज बाफना ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद भाजपा जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि विधानसभा चुनावों में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस ने किसानों के 2 लाख के कर्जमाफी की घोषणा की, लेकिन एक माह से अधिक समय हो गया है, अभी तक कर्जमाफी नहीं हो पाई है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर प्रदेश 59 लाख किसानों कर्जमाफी करने, राज्य में केन्द्र सरकार के आर्थिक रूप पिछड़े सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने व बेरोजगर युवाओं को 3500 का मासिक भत्ता जल्द देने की मांग की। इस मौके वरिष्ठ भाजपाई शेखर व्यास, जुंजाणी मण्डल अध्यक्ष रमेश सोनी, गुमानसिंह राव, पालिका उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष जोरावरसिंह राव, भाजयुमो के भरतसिंह राव, महादेवाराम घांची, पुखराज बगोटी, विकास बोहरा, भंवरलाल माली व बद्रीनारायण गौड़ सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



भीनमाल. उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते जनप्रतिनिधि। पत्रिका

**सांचौर**. भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार की कर्जमाफी, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता दानाराम चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए रैली निकालते हुए उपखंड अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व किसानों से कर्ज माफी की बात कही। वहीं सरकार बनने के 10 दिन के भितर कर्जमाफी की घोषणा की बात कही थी, किन्तु निर्धारित समय सीमा गुजर जाने के बावजूद भी किसानों का कर्ज माफ नहीं कर किसानों के साथ वादाखिलाफी की बात कही। इस दौरान जिला प्रमुख डॉ. बनेसिंह गोहिल, चितलवान प्रधान हनुमान प्रसाद, सांचौर प्रधान टाबाराम मेघवाल, झाब मंडल अध्यक्ष महेन्द्रसिंह, सांचौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जामाराम चौधरी, हाड़ेचा सरपंच करणसिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री गणपत पुरोहित, गजेन्द्रसिंह विरोल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिनेश पुरोहित, भाजपा ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष हंजारीमल पुरोहित सहित कई जने मौजूद रहे।

**आहोर**. भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की ओर से घोषणा के अनुरूप किसानों की समग्र कर्ज माफी करने तथा बेरोजगारों को भत्ता विलम्ब दिलाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि कांग्रेस ने प्रदेश में वोट बटोरने के लिए किसानों को सत्ता में आने के बाद मात्र 10 दिन में सम्पूर्ण कर्ज माफी की घोषणा की थी। गत 17 जनवरी को अभिभाषण में दो लाख तक के कर्ज माफी का उल्लेख किया, लेकिन अभी तक कांग्रेस सरकार ने न तो सदन में न बाहर कर्ज माफी की कोई समय सीमा तय की है और न यह बताया कि प्रदेश में 59 लाख किसानों के 99 हजार करोड़ के कर्ज कब तक माफ होंगे। विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालाराम देवासी, महामंत्री गणेशसिंह काम्बा, शांतिलाल सुथार, सवाईसिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष उगमसिंह राजपुरोहित, मागीलाल राव, बाबूसिंह मांगलिया, मोहनलाल प्रजापत, सरपंच महिपालसिंह राजपुरोहित, रमेशकुमार चौधरी, महेन्द्रसिंह बालोत, ईश्वरसिंह थुम्बा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

गोदारा बने रेसला के

# राज्य सरकार के घोषणा पत्र के वादे पूरे नहीं होने पर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



नवज्योति/जालोर।

किसानों की कर्ज माफी सहित कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र में किए गए वादों को जल्द पूरा करने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के बाद लोकसभा प्रभारी प्रोफेसर महेंद्रसिंह, सांसद देवजी पटेल व जिलाध्यक्ष रवींद्रसिंह बालावत के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम कलक्टर महेंद्र सोनी को ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार ने सरकार बनने के 10 दिन बाद किसानों के कर्जमाफी की बात कही थी, मगर किसानों के ऋण कब तक माफ होंगे, इस बारे में सरकार अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाई है। वहीं बेरोजगार युवाओं को 35 सौ रुपए भत्ता देने को लेकर भी सरकार की ओर से कोई मापदंड अब तक निर्धारित नहीं किए गए हैं। वहीं आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग को नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए भ जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की। कलेक्ट्रेट के समक्ष प्रदर्शन के बाद भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम कलक्टर को ज्ञापन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री अंबालाल व्यास ने किया। इस दौरान जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष भभूताराम सोलंकी, नगर अध्यक्ष ओबाराम देवासी, मंगलसिंह सिराणा, पार्षद मानसिंह सिसोदिया, ओमप्रकाश सुदेशा, चंदनसिंह व भरत मेघवाल सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार की कर्ज माफी झूठ का पुलिंदा : सांसद देवजी पटेल



जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम जिला कलैक्टर महेन्द्र सोनी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सांसद देवजी पटेल, जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, जोगेश्वर गर्ग , महेंद्रसिंह राठौड़ सहित कई जने मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

■ कांग्रेस ने किसानों को गुमराह करने का काम किया : गर्ग

जालोर, (कासं)। जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए आनन फानन में किसानों के कर्ज माफी की घोषणा कर दी। घोषणा के बाद कांग्रेस स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाई की किस किसान का कर्ज माफ किया गया है। यह बात जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने सोमवार को जिला मुख्यालय जालोर पर भाजपा के धरना-प्रदर्शन के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान वोट बटोरने के लिए सरकार बनने के बाद दस दिन में किसानों के कर्जे माफी की घोषणा की थी। कांग्रेस ने 17 जनवरी को अभिभाषण में दो लाख तक के कर्जे माफी का उल्लेख किया, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस सरकार बने एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी कांग्रेस सरकार ने न तो सदन में न ही सदन से बाहर कोई समय सीमा तय कर बताया कि प्रदेश में 59 लाख किसानों के 99 हजार करोड़ रूपये के कर्जे कब तक माफ होंगे। इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2018 में भोले किसानों के वोट बटोरने के लिए किसानों से झूठा वादे कर आमजन में भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह किया है।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कांग्रेस ने कर्जे माफी की घोषणा कर किसानों को गुमराह करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का वादा किया था। जबकि इसको लेकर अभी तक कांग्रेस कोई मापदंड तय नहीं कर पाई है। वहीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने युवाओं के वोट बटोरने के लिए झूठ का सहारा लिया।

धरने को जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, उप सभापति मंजू सोलंकी, भबूताराम सोलंकी सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद राज्यपाल के नाम जिला कलैक्टर महेन्द्र सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्तमान सरकार द्वारा किसानों की समग्र कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता की स्थिति स्पष्ट नहीं कर मतदाताओं के साथ धोखा करने का उल्लेख किया गया। इस दौरान ओबाराम देवासी, ओटाराम सोलंकी, दिनेश महावर, मनोहर राणा, सुरेन्द्र जांगिड़, अम्बालाल व्यास, ओम प्रकाश माली, जितेन्द्र प्रजापत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सिवाना संवाददाता के अनुसार:** राज्य सरकार द्वारा किसानों के अभी तक कर्ज माफ नहीं करने के विरोध में सोमवार को उपखंड मुख्यालय पर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय भाजपा का एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी अंजुम ताहिर सम्मा को सौंपा। इससे पूर्व धरना स्थल पर सम्बोधित करते हुए भाजपा के जिला प्रभारी राजेन्द्र सोलंकी ने कहा कि सरकार ने किसानों के कर्ज माफी की थोथी घोषणा कर किसानों के साथ धोखा किया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। आठ फरवरी को जिला स्तरीय जेल भरो आंदोलन करेगी। विधायक हमीरसिंह भायल ने कहा कि सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना महज एक झूठ का पुलिंदा है। वर्तमान में विद्युत कटौती की समस्या किसानों के सामने खड़ी हो गई है।

इस अवसर पर सिणधरी मंडल अध्यक्ष सोहनलाल यति, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रभुपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष विशनसिंह खिंची, पादरू मंडल अध्यक्ष सुरताराम देवासी, वीरसिंह सेला, महामंत्री गंगासिह कांखी, प्रवक्ता मदनसिंह राजपुरोहित रमणिया, जबरसिंह, समदड़ी उप प्रधान लक्ष्मणसिंह कोटड़ी, पदमाराम चौधरी, बाबूलाल परिहार समदड़ी, जोग भारती, गेबसिह राजपुरोहित, कासम खां सहित कई लोग मौजूद थे।

**पोकरण संवाददाता के अनुसार:** भाजपाइयों ने संत प्रताप पुरी महाराज व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास के नेतृत्व में जय नारायण व्यास सर्किल के पास धरना प्रदर्शन देकर राज्यपाल के नाम पोकरण तहसीलदार राम सिंह के मार्फत उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में संत प्रताप पुरी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष व्यास, किशन लाल, मदन सिंह, राजमथाई सरपंच टावरी सुंदरलाल, लाठी राजेंद्र सोलंकी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन** • किसान कर्ज माफी को लेकर कलेक्ट्रेट के आगे सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

# किसानों का कर्ज माफ नहीं होने के मुद्दे पर भाजपा के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

**भास्कर न्यूज़** | जालोर

किसान कर्ज माफी को लेकर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के आगे सांसद देवजी पटेल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसद पटेल ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि विधान सभा चुनावों के प्रसार के समय कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा किये वादे पूरे नहीं किये है। पार्टी ने जनता से वोट लेने के लिए जनता से किसान कर्ज माफ व युवाओं को बेरोजगारी भता व १० प्रतिशत स्वर्ण को आरक्षण देने का वादा किया था। लेकिन वादा केवल चुनावी था। इस दौरान जालो विधायक जोगेश्वर गर्ग ने भी धरने को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत, पूर्व जिला अध्यक्ष भवूताराम सोलंकी, नगर अध्यक्ष ओबाराम देवासी, उपसभापति मंजू सोलंकी, विमला विश्नोई, सुरेश सुन्देशा, भीखाराम प्रजापत, दिनेश महावर, टिकम माली, मनोहर राणा, ओटाराम सोलंकी, मेथी देवी, मोहन चिवडा, ओम मेघवाल, कालूराम राजपुरोहित, जितेन्द्र कुमार, भारताराम, मोगाराम, मांगीलाल जीनगर मेथी देवी व रेखा माली सहित भाजपाई मौजूद रहे।

**रानीवाड़ा**| भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने वर्तमान की कांग्रेस सरकार द्वारा 10 दिनों में किसानों के कर्जमाफ ी को लेकर उपखंड कार्यालय के सामने सोमवार को धरना प्रदर्शन करते हुए विधायक नारायणसिंह देवल के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भीखाराम चौधरी, रानीवाडा मंडल अध्यक्ष, सांकड मंडल अध्यक्ष अमृतलाल चौधरी, जसवन्तपुरा मंडल अध्यक्ष भैरूदान चारण, करड़ा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम मांजू, करड़ा मंडल महामंत्री हेमाराम विश्नोई सहित मौजूद रहे।



जालोर. कलेक्ट्रेट के बाहर सोमवार दिन में प्रदर्शन करते भाजपाई। फोटो| भास्कर

**आहोर**| भाजपा पार्टी से आहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि गांधी ने राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान वोट बटोरने के लिए किसानों को 10 दिन के भीतर सम्पूर्ण कर्जमाफ ी का ऐलान किया था। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने जन घोषणा पत्र में कर्जमाफ ी का जिक्र किया। इस मौके पर महेंद्रसिंह बालोत, ईश्वरसिंह धुम्बा, महिपालसिंह चारण, शशिकंवर भैंसवाड़ा, आशी देवी सुथार, देवेन्द्र सुथार सहित मौजूद रहे।

**सांचौर**| विधानसभा चुनाव 2018 के दौरान कांग्रेस पार्टी के द्वारा राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के कर्ज को 10 दिनों के भीतर माफ करने एवं बेरोजगारों को मासिक भता देने का वादा किया था। लेकिन अभी तक नहीं करने पर भाजपा नेता दानाराम चौधरी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोहिल, प्रधान टाबाराम मेघवाल, चितलवाना प्रधान हनुमान प्रसाद भादू, शैतानसिंह, हरिराम, बाबुलाल, अर्जुनसिंह, जामाराम चौधरी, दुर्गाराम चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।




रानीवाड़ा. प्रदर्शन करते भाजपाई। फोटो| भास्कर

**भीनमाल**| किसानों की कर्जमाफी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने सोमवार को स्थानीय उपखंड कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। धरने को विधायक पूराराम चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान नगरपालिकाध्यक्ष सांवलाराम देवासी, भाजपा नेता शेखर व्यास, नगरध्यक्ष भरतसिंह भोजाणी, नपा उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली, जसराज पुरोहित, बद्रीनारायण गौड, गुमानसिंह राव, सरोज बाफना, किशोर सांखला, साजनराम विश्नोई, भरतसिंह राव, जोरावरसिंह राव, रमेश सोनी, राजमल परमार, पीराराम, इंद्रसिंह ओपावत, महादेवाराम, ललित राजपुरोहित, जगमालाराम, किशनाराम माली, भलाराम, लीलाराम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भीनमाल. धरने को संबोधित करते विधायक पूराराम चौधरी।



जालोर. कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते सांसद, विधायक व भाजपा कार्यकर्ता।

# दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया धरना

## वीरवाड़ा गांव का मामला, सरगरा समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना प्रदर्शन, एसपी को सौंपा ज्ञापन

भास्कर न्यूज | सिरोही

वीरवाड़ा गांव में दुष्कर्म के मामले को लेकर सरगरा समाज ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन एसपी जय यादव को सौंप कर दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। सांसद देवजी पटेल, पूर्व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और भाजपा जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी भी धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी मांग को पूरा करवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का भरोसा दिलाया। एसपी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि 18 सितंबर 2018 को वीरवाड़ा गांव में दलित समाज की बेटी के साथ कुछ लोगों ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया और उसके साथ मारपीट कर बेहोशी की हालत में सड़क पर फेंक दिया। पीड़िता के बयान एवं मेडिकल जांच तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट सिरोही ने 18 सितंबर 2018 को धारा 164 के तहत बयान भी कलमबद्ध हो चुके हैं, फिर भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मौके माउंट आबू पालिकाध्यक्ष सुरेश थिंगर, सरगरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईपीएस डॉ. विजेंद्र झाला, 52 पट्टी अध्यक्ष मूलाराम, रावताराम, भूवाराम, जितेंद्र, कूपाराम मारू, प्रकाश यादव, मोहनलाल, समेत समाज के कई लोग मौजूद थे।



सिरोही. मांगों को लेकर धरने पर बैठे सरगरा समाज के लोग।

### घटना की रिपोर्ट सही दर्ज नहीं हुई : डॉ. झाला

सरगरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईपीएस डॉ. विजेंद्र झाला ने एसपी जय यादव को पूरा घटनाक्रम बताकर कहा कि घटना की सही रिपोर्ट दर्ज नही हुई है व जांच में पूरी घटना को दुर्घटना का रूप दे दिया गया है, जबकि पीडिता का जबरन अपहरण कर, दागा गया व सामूहिक दुष्कर्म तथा मारपीट की गई है।

## राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन

# कांग्रेस की वादाखिलाफी को लेकर प्रदर्शन

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



सिरोही में जिला कलक्टर को ज्ञापन देते भाजपा पदाधिकारी।

**सिरोही.** भाजपा ने कांग्रेस की वादाखिलाफी को लेकर सोमवार को सांसद देवजी पटेल, लुम्बाराम चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

चौधरी ने इससे पूर्व रामझरोखा मैदान में सभा में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने वोट बटोरने के लिए सरकार बनने पर 10 दिन के भीतर किसानों की सम्पूर्ण कर्ज माफी का ऐलान किया। जन घोषणा पत्र में भी इसका जिक्र किया लेकिन एक महीने से अधिक गुजरने के बावजूद कर्ज माफ नहीं हुआ। भाजपा जवाब चाहती है कि सरकार कब तक वादे पर अमल करेगी। देवासी ने कहा कि कांग्रेस की कथनी व करनी में फर्क है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया। राज्य में भी सवर्ण आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। कांग्रेस सरकार के घोषणा पत्र में बेरोजगार युवाओं को 3500 रुपए देने का वादा किया था लेकिन अब तक नहीं मिले।

इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हेमंत पुरोहित, रेवदर प्रधान पूंजाराम मेघवाल, नगर परिषद सभापति ताराराम माली, जिला महामंत्री मदनसिंह देवड़ा, जिला उपाध्यक्ष भवानीसिंह, प्रदेश बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक कमलेश दवे, जिला मीडिया प्रभारी चिराग रावल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, कांतिलाल पुरोहित, हेमलता पुरोहित, मंडल अध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, जुजारसिंह, सूरजपालसिंह, प्रकाश कुमावत, प्रकाश भाटी, पुखराज गहलोत, महिपालसिंह, गणपतसिंह, मांगूसिंह, डायालाल दवे आदि मौजूद थे।

**पिण्डवाड़ा.** विधायक समाराम गरासिया, जिला उपाध्यक्ष हिम्मत पुरोहित, मण्डल अध्यक्ष नरपत सिंह राणावत, नगर अध्यक्ष अशोक रावल, अंशु वशिष्ठ की उपस्थिति में उपखण्ड अधिकारी के मार्फत राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान भंवरलाल परमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष किरण पुरोहित, भैराराम माली, हीरालाल कलबी, शिवलाल सुथार, रमेश पुरोहित, शांतिलाल रावल, उदयदान आढ़ा, हेमन्त शर्मा, वीणा रावल आदि उपस्थित थे।

**रेवदर.** भाजपा ने विधायक जगसीराम कोली के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों की समग्र कर्ज माफी एवं बेरोजगारी भत्ते के वादे को पूरा नहीं करने को लेकर राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कांग्रेस ने कर्ज माफी का वादा एक महीने बाद भी नहीं पूरा किया। केन्द्र सरकार के आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं किया। बेरोजगार युवाओं को 3500 रुपए भत्ता अब तक शुरू नहीं किया। इस दौरान जिला महामंत्री मदनसिंह थल, जिला उपाध्यक्ष मगाराम देवासी, जिला मंत्री नारायण सिंह, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रेवदर मंडल अध्यक्ष अर्जुन पुरोहित, अनादरा मंडल अध्यक्ष डायालाल दवे, मंडार मंडल अध्यक्ष कालूराम चौधरी, आबूरोड मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गोयल, आबूरोड ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राम देवासी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, प्रकाश रावल केसाराम कोली, वगताराम चौधरी, गणपतसिंह, तलकाराम लोहार, मदन जोशी, मोटाराम देवासी, वर्धाराम कोली, भरत चौधरी, दौलाराम कोली, ताराचंद पुरोहित, चुन्नीलाल घांची, रमेश चौधरी, देवजी देवासी, गणपत लाल, विजय अग्रवाल, भगाराम, रावताराम, प्रेमाराम देवासी, दरगाराम,,रामाराम नगाराम, गमनाराम, दीपाराम, कोनाराम पटेल, जयंती लोहार, मोंटू सैन, दीपक बारोट, केवाराम कोली, प्रेमसिंह लोधा, माधाराम, सुमन कोली आदि उपस्थित थे।



पिण्डवाड़ा में ज्ञापन देते हुए।